हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 महामृत्युंजय महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा



12 शिक्षा बचाओ आंदोलन को मिला समर्थन चरखी दादरी ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

मसाला चाय
सागर
STRONG Tea
ब्लैक डायमंड
REQUIRED : SALES PERSON
Mob: 92152-43212

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चोरी मामले में दूसरा आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** भिवानी के थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने होटल के बाहर से गाड़ी चोरी मामले में दूसरे आरोपी कपिल उर्फ राहुल निवासी तिगड़ाना को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। इससे पहले आरोपी हैप्पी की गिरफ्तारी के साथ चोरी की गाड़ी बरामद हो चुकी थी। कपिल पर वाहन चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### हवाई फायरिंग मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ द्वितीय भिवानी ने केहरपुरा निवासी राकेश उर्फ धोलिया को घर के बाहर हवाई फायरिंग और फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किया। शिकायत के आधार पर जुई कला थाना में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी में कक्षा छठी सत्र 2027-28 प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। चयन परीक्षा 28 नवंबर को होगी। पात्र विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर निशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

### मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण 31 तक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने किसानों से खरीफ फसलों का पंजीकरण 31 जुलाई तक मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर कराने की अपील की। पंजीकरण के लिए आधार या परिवार पहचान पत्र से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी जरूरी होगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### गांव सोहासड़ा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**भिवानी।** गांव सोहासड़ा में 29 जुलाई को डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम होगा। विभिन्न विभाग हेल्प डेस्क और स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी देंगे। ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर मौके पर समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे।

### दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में आज होगा हवन

**भिवानी।** दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर हवन-यज्ञ, गुरु पूजन और विशेष आराधना होगी। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की जाएगी। श्रद्धालुओं से परिवार सहित शामिल होकर आहुति देने की अपील की गई।

### रोडवेज बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**चरखी दादरी।** नेशनल हाईवे-148बी पर गांव पालड़ी बस स्टैंड के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से 71 वर्षीय महिपाल की मौत हो गई। महिपाल हरियाणा रोडवेज के नारनौल डिपो से उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त थे। हादसे में गंभीर घायल होने पर उन्हें दादरी के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बलियाली, जमालपुर, जाटू लुहारी और अन्य कई गांवों की टेल खाली

# किसानों ने चोरी रोकने और अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने की मांग की

*अधीक्षण अभियंता ने आखिरी टेल तक पानी पहुंचाने का दिया आश्वासन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर अधिकारी से बातचीत करते किसान। फोटो : हरिभूमि

सुन्दर ब्रांच नहर के अन्तिम टेलों व मोरियों तक पानी नहीं पहुंचने से जमालपुर धरनारत किसानों में भारी रोष है, इसके लिए एक महीने से ज्यादा प्रभावित इलाके के किसान अखिल भारतीय किसान सभा तहसील बवानी खेड़ा के नेतृत्व में जमालपुर में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं ।

अभी 24 जुलाई से सुन्दर ब्रांच में पानी छोड़ा गया था, उससे पहले धरनारत किसानों का प्रतिनिधि मण्डल सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिला था। परन्तु बलियाली जमालपुर , जाटू लुहारी , पुर , रतेरा व अन्य गांवों की अन्तिम टेल तक पानी नहीं पहुंचने से प्रभावित क्षेत्र के किसानों में भारी गुस्सा है और उनका कहना है कि पीछे पानी की चोरी की जा रही है और विभाग उसको रोक पाने में सफल नहीं हो पा रहा है। इसलिए धरनारत किसान महिलाओं सहित सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ओपी विश्नोई से मिले और शिकायत के तौर पर ज्ञापन दिया कि पानी चोरी को हर हालत में रोका जाए और अन्तिम छौर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा किसानों को मजबूर होकर सिंचाई विभाग के कार्यालय का घेराव करना पड़ेगा।

इस अवसर पर किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल , उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश , प्रताप सिंह मोर व राजेश कुंगड़ ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा पानी की चोरी रोककर अन्तिम टेल तक पानी पंहुचाना चाहिए , ताकि हर किसान को उसके हिस्से का पानी मिल सके। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को मान्य कानून के अनुसार कठोर कदम उठाकर पानी की चोरी रोकनी होगी , अन्यथा आगे अन्तिम टेल तक पानी नहीं पहुंचेगा। किसानों ने अधीक्षण अभियंता को साफ शब्दों में कहा कि उन्हें 42 दिनों में एक सप्ताह पानी चाहिए , अन्यथा वे विभाग व सरकार के विरुद्ध अपना आन्दोलन व धरना जारी रखने पर मजबूर होंगे। उधर अधीक्षण अभियंता ने मिलने पहुंची महिलाओं व किसानों को आखरी व अन्तिम टेल तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया ।

**प्रतिनिधिमंडल में ये थे शामिल**

प्रतिनिधि मंडल में मास्टर शेर सिंह , सन्तोष देशवाल , प्रहलाद यादव , सतपाल शर्मा , चेतन प्रकाश , रामोतार बलयाली , कमला , बिमला , सन्तरो , चन्द्रो देवी , सावत्री , बबीता , जगदीश पुर , प्रेमपुर , नरेश जाटु लुहारी, हवा सिंह प्रधान टी एस एल मन्ढ़ाना , अनूप शर्मा , रामफल छान्या , पवन यादव , बहद्रुर जमालपुर शामिल थे।



**भिवानी।** हल्की बारिश के बाद हनुमान गेट इलाके में गलियों में जमा पानी।

## हनुमान गेट पर स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला के सामने सीवरेज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ पाठशाला आने-जाने वाले बच्चे जहरीले व गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर : राजकुमार सोलंकी

एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता पखवाड़े के दावे कर रही है, वहीं छोटी काशी भिवानी के हनुमान गेट स्थित स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला के सामने फैली गंदगी इन दावों की पोल खोल रही है। लंबे समय से अवरुद्ध सीवरेज मैनहॉल के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में बदबू और जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है।

स्वामी जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति के प्रधान राजकुमार सोलंकी ने बताया कि यदि नगर परिषद समय रहते मैनहॉल की सफाई कर देती तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने कहा कि पाठशाला आने-जाने वाले बच्चों, स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू के कारण दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। सोलंकी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो डेंगू, मलेरिया और हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने नगर परिषद से अविलंब मैनहॉल खुलवाकर जलभराव और गंदगी की समस्या का समाधान करने की मांग कीयदि और कहा कि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को क्लेम-हर्जाना देने के दिए आदेश

**चरखी दादरी।** दादरी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने स्वास्थ्य बीमा दावों को मनमाने ढंग से खारिज करने पर बीमा कंपनी को कड़ी फटकार लगाई है। आयोग के अध्यक्ष मंजीत सिंह नरयाल ने बीमा कंपनी को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को इलाज का खर्च, मानसिक उत्पीड़न का मुआवजा और कानूनी खर्च समेत पूरी राशि का भुगतान करे।

स्वास्थ्य बीमा दावों को मनमाने ढंग से खारिज करने पर बीमा कंपनी को फटकार लगाई

बता दें कि सुभाष चौक क्षेत्र निवासी रेनू बाला ने सितंबर 2020 में बैंक के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी। वह नियमित रूप से पॉलिसी का प्रीमियम चुका रही थीं। नवंबर 2024 में अचानक छाती में दर्द और सांस की तकलीफ के कारण उन्हें रोहतक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज पर 75 हजार 482 रुपये खर्च हुए। इसके बाद दिसंबर 2024 में दोबारा तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 41 हजार 652 रुपये का खर्च आया। बीमा कंपनी ने दोनों बार कैशलेस सुविधा देने या दावों का भुगतान करने से इनकार कर दिया। बीमा कंपनी ने दलील दी कि मरीज को पिछले 7-8 वर्षों से उच्च रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी थी, जिसे पॉलिसी लेते समय छुपाया गया था। कंपनी ने अस्पताल के आंतरिक रिकॉर्ड का हवाला देकर दोनों दावे खारिज किए थे। इसके खिलाफ पीड़िता ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। बीमा कंपनी आयोग के सामने पीड़ित की पॉलिसी शुरू होने से पहले की किसी बीमारी का कोई ठोस चिकित्सा साक्ष्य या डॉक्टर का हलफनामा पेश नहीं कर पाई।

## हल्की बूंदाबांदी से लुढ़क गया पारा लोगों को उमस से मिला छुटकारा



**भिवानी।** मंगलवार को आसमान से राहत की बोच्छार गिरी। हल्की बूंदाबांदी से पारा चार डिग्री नीचे लूढ़क गया। जिसके चलते लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। चूंकि पिछले कई दिनों से लोग गर्मी व उमस से बेहाल थे। मंगलवार को हलकी बारिश ने लोगों को राहत दिला दिला दी। दूसरी तरफ हल्की बारिश से किसानों के चेहरे पर रौनक आ गई। चूंकि हल्की बूंदाबांदी से खरीफ की फसलों में फायदा होगा। फिलहाल खरीफ फसलों को सिंचाई की बेहद ज्यादा जरूरत थी। हल्की बूंदाबांदी से कुछ हद तक उनको राहत मिलेगी। सुबह जिस वक्त लोग सोकर उठे उस वक्त उमस व गर्मी से लोग बेहद परेशान रहे। हवा की गति न के बराबर रही। जिस वजह से उमस बढ़ती चली गई। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल एकत्रित होने लगे। कुछ देर बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। हालांकि तेज बारिश नहीं आई,लेकिन हलकी बूंदाबादी के साथ धीमी गति से चल रही हवा ने पारा को 37 डिग्री से लूढका कर 33 डिग्री सेल्सियस पर ला दिया। जिस वजह से गर्मी से राहत मिली। उसके बाद भी लोगों को तेज बारिश का इंतजार बना रहा,पर तेज बारिश नहीं आई।

**फसलों में होगा फायदा:** इस वक्त हलकी बारिश से भी फसलों में फायदा होगा। फिलहाल किसानों के खेतों में कपास, ज्वार व बाजरे की फसल है। कपास की फसल में फूल व टिंडे बनने लगे है। अगर इस वक्त सिंचाई हो जाए तो फूलों की संख्या बढ़ने टिंडों की संख्या भी बढ़ेगी। जिससे कपास की औसतन पैदावार बढ़ेगी।

संत कंवर साहेब ने प्रवचनों से किया निहाल

# सेवा, सदाचार और सत्संग से ही सार्थक होता है मानव जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों में जुटे सैकड़ों सेवादारों को संबोधित करते हुए दिनोद धाम स्थित राधास्वामी आश्रम में परमसंत सतगुरु कँवर साहेब जी महाराज ने सेवा, भक्ति, सत्संग, कर्म और मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। गुरु महाराज ने कहा कि सेवा भक्ति का सर्वोत्तम स्वरूप है। निस्वार्थ भाव से परमार्थ वही व्यक्ति कर सकता है जो अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करता हो। पहले स्वयं को पात्र बनाना आवश्यक है, क्योंकि बिना पात्रता के कुछ भी प्राप्त नहीं होता। संतमत मनुष्य के भ्रम दूर कर उसे सेवा, सदाचार और परमात्मा के सच्चे मार्ग पर चलना सिखाता है। जैसे सुनार खोटे सोने को भी संभालकर उसका सदुपयोग करता है, उसी प्रकार संत किसी जीव की उपेक्षा नहीं करते, बल्कि सभी को उनके भाव और पात्रता के अनुसार आध्यात्मिक उन्नति का अवसर देते हैं।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य अपने अंतर में झांककर परमात्मा की खोज करना है। प्रत्येक श्वास अनमोल है और प्रभु-भजन के बिना बीतने वाला जीवन व्यर्थ है। कर्म का सिद्धांत अटल है-जो बोओगे वही काटोगे। इसलिए किसी को कष्ट न दें, क्योंकि जो पीड़ा हमें होती है, वही दूसरे को भी होती है। प्रभु के दरबार में न छल चलता है, न रिश्वत और न ही कोई चतुराई। सत्संग की महिमा बताते हुए गुरु महाराज ने कहा कि जहाँ सत्संग होता है वहीं परमात्मा का निवास होता है, लेकिन सत्संग केवल कानों से नहीं बल्कि हृदय से ग्रहण करना चाहिए। संत अनुभव के भंडार हैं और उनकी संगति मनुष्य के जीवन को नई दिशा देती है। सच्ची लगन केवल परमात्मा से लग सकती है और गुरु का वचन सभी मंत्रों का सार है।

सेवादारों को प्रेरित करते हुए गुरु महाराज ने एक सुंदर उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जब एक कौआ बाज को बार-बार परेशान करने लगा तो बाज ने उससे उलझने के बजाय अपनी उड़ान और ऊँची कर ली। ऊँचाई बढ़ते ही कौआ स्वयं पीछे छूट गया।

हरियाणवी संगीत के प्रोत्साहन के लिए
LPS BOSSARD Proven Productivity
की प्रस्तुति
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV आपकी ताकत
हरियाणवी संगीत का गौरव
हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान
हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026
विभिन्न वर्गों में चयनित नॉमिनेशन में से सर्वश्रेष्ठ को अवार्ड दिया जाएगा
मुख्य अतिथि (उद्घाटन) श्री राव नरबीर सिंह माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री हरियाणा सरकार
मुख्य अतिथि (समापन) डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा माननीय उपाध्यक्ष हरियाणा विधानसभा
अध्यक्षता श्री राजेश जैन मैनेजिंग डायरेक्टर एलपीएस बोसार्ड प्रा.लि., रोहतक
कार्यक्रम
1 अगस्त 2026, शनिवार | सायं 4:00 बजे
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
● कार्यक्रम के नियम और शर्तों में निर्णायक मंडल/आयोजक जरूरत अनुसार बदलाव कर सकते हैं। ● किसी भी विवाद की स्थिति में निर्णायक मंडल/आयोजक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ● न्यायिक क्षेत्र रोहतक होगा।
Co-Sponsors
GVM
Dewan Charitable Trust
Verma Pathology Laboratory
Associate-Sponsors
एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
mannat
SHIVA SHIKSHA SADAN
Hans Filling Station 45 Km Stone, G.T. Road, Kumaspur, Sonepat
Bharat Petroleum
TRADING GURUKUL A Stock Market Institute
UPS LAKSHMI
BP Jain Skill Development Centre



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा । ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था। आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।



# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## न्यूज डायरी



### श्री राम स्कूल की छात्रा भूमि बनीं बेस्ट एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय आरडीसी परेड के लिए चयनित

**चरखी दादरी।** श्री राम पब्लिक स्कूल, कान्हड़ा की छात्रा भूमि चांदवास ने राज्य स्तरीय एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट एनसीसी कैडेट का सम्मान प्राप्त किया है। साथ ही उनका चयन आगामी गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड (आरडीसी) के लिए भी हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सम्मान समारोह में 16 हरियाणा एनसीसी बटालियन, जूनियर विंग के कर्नल संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भूमि को मेडल एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कर्नल संदीप कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय आरडीसी कैंप के दौरान भूमि ने ड्रिल, अनुशासन, मार्चिंग, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



### चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर किया शहीदों को नमन

**तोशाम।** मंगलवार को तोशाम के चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस अत्यन्त श्रद्धा, सम्मान एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ कारगिल युद्ध में वीरगति प्राप्त अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम, कठिन परिस्थितियों में लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाई तथा वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। डॉक्यूमेंट्री को देखकर छात्राएँ भावुक हो उठीं तथा उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया।



### विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, भिवानी पवन कुमार ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानीखेड़ा का दौरा कर छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, बाल सुरक्षा कानूनों तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के उपायों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। छात्राओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह, विद्यालय प्राचार्य आनंद शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि पवन कुमार का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पहले सीजेएम द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### प्राथमिक विद्यालय रेवाड़ीखेड़ा में किया पौधरोपण

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मंगलवार को गांव रेवाड़ीखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पौधा रोपण सूरजभान शर्मा की 8वी व शांति देवी की 32वी पुण्यतिथि पर किया गया। इस पौधारोपण चौथी पीढ़ी के लक्षित वशिष्ठ ने अपने दादा-दादी की याद में किया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, शुद्ध वायु और प्राकृतिक संतुलन का सबसे बड़ा आधार हैं। उन्होंने बच्चों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बाढड़ा।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपमंडल कार्यालय में भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि तथा विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता आशीष कुमार के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों ने परिसर में पौधे लगाए और सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि पानी बचाने के साथ -साथ सभी कर्मचारी कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए। कार्यक्रम में अली मोहम्मद सहित अन्य कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा प्रत्येक नागरिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। अली मोह मद कादमा ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का सपना एक विकसित और स्वच्छ भारत का था। उस सपने को साकार करने के लिए पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

### वृक्ष काटने की बजाय अधिक से अधिक रोपें पौधे

**तोशाम।** क्षेत्र के गांव ईशरवाल स्थित शनि मंदिर परिसर में युवाओं ने त्रिवेणी लगाकर अन्य ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर मौजूद डॉक्टर आकाश भारद्वाज ने कहा कि पौधे लगाने का अब सही समय आ गया है अब बरसाती मौसम है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण पूरी तरह स्वच्छ बने तथा हम सभी स्वस्थ रहें। डॉ. भारद्वाज का कहना था कि वृक्षों से हमें अनेक प्रकार का लाभ मिलता है वृक्ष हमें केवल ऑक्सीजन ही नहीं बल्कि फल, फूल, छाया तथा लकड़ी प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में त्रिवेणी लगाकर ईशरवाल के ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया है। इस अवसर पर पवन वर्मा, विनोद वर्मा, होम्योपैथिक काउंसिल मेम्बर डॉ. आकाश भारद्वाज, बबल भार्गव, प्रेम वर्मा, प्रवीण झुल्ली, प्रवीण सैनी, संदीप बुशान आदि मौजूद रहे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री के स्वागत पर भड़के जिलाध्यक्ष

**भिवानी।** संसद में पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भाजपा सांसदों द्वारा किए गए स्वागत और जिन्दाबाद के नारों पर कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने भाजपा और उसकी युवा विरोधी सोच पर सीधा प्रहार करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों के जले पर नमक छिडकने जैसा बताया है। प्रदीप गुलिया जोगी ने जारी एक प्रैस बयान में कहा कि जिस व्यक्ति की युवा विरोधी नीतियों, लापरवाही और कार्यप्रणाली के कारण देश के लाखों-करोड़ों होनहार युवाओं का भविष्य अंधकार के साये में धकेल दिया गया, उसी धर्मेंद्र प्रधान का संसद में शॉल और टोपी पहनाकर स्वागत किया जाना भाजपा की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए नारों और स्वागत पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए शहरी जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की नाकामी को पूरे देश का युवा और छात्र वर्ग अच्छी तरह समझ चुका है और जिन्हें जनता पूरी तरह नकार चुकी है।

## गाजे-बाजे के साथ कलाकारों ने पेश की सुंदर झांकियां

# महामृत्युंजय महायज्ञ को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

**30 जुलाई से 28 अगस्त तक एक माह चलेगा अखंड रुद्राभिषेक का धार्मिक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। शहर में कलशयात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

डाबर धाम स्थित श्री बाबा मेहूंनाथ आश्रम में 30 जुलाई से 28 अगस्त तक एक माह तक चलने वाले अखंड रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 24 घंटे निरंतर भगवान शिव का रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित विद्वान आचार्य एवं पंडित पूरे आयोजन को शास्त्रोक्त विधि-विधान से संपन्न कराएंगे। इसी क्रम में बुधवार को महंत वेदनाथ के सानिध्य में सिद्धस्थल जोगीवाला शिव मंदिर से डाबर धाम श्री बाबा मेहूंनाथ आश्रम तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण किया। धार्मिक भजनों और जयघोष के बीच निकलने वाली यह यात्रा क्षेत्र की आस्था का केंद्र बनी। इस दौरान भगवान शिव व उनके गणों के रूप में कलाकारों ने डीजे के गानों पर सुमधुर संगीत पर प्रस्तुति दी। डाबर धाम में कलश यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को नाश्ता, चाय व फलाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर महंत वेदनाथ महाराज, कपिल नाथ, प्रदीप नाथ, गोपाल नाथ, जति नाथ, राजेंद्र कोच, सचिन, देशराज, मनीष बंसल, पिंटू शर्मा, लीला, विनोद सोनी, मनोज तंवर, कर्मवीर तंवर, जितेंद्र सैनी व प्रवीण देवसरिया, नरेश नेशू, दीपक पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आस्था का केंद्र बनेगा अखंड रुद्राभिषेक

सिद्धस्थल जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति, पर्यावरण संरक्षण तथा समस्त मानव समाज के सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना करना है। उन्होंने कहा कि सावन मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है और इस पावन अवसर पर होने वाला अखंड रुद्राभिषेक श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आस्था का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को आश्रम परिसर में नवनिर्मित मूर्ति का अनावरण समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महंत बालक नाथ योगी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। महंत वेदनाथ महाराज के शिष्य कपिल नाथ ने बताया कि आयोजन के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र जाप एवं धार्मिक प्रवचन होंगे। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, गणमान्य नागरिक तथा श्रद्धालु भाग लेंगे। आश्रम प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य एवं ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में परिवार सहित शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### सच्ची मित्रता स्वार्थ पर नहीं, विश्वास और समर्पण पर टिकी : डॉ विनय मिश्र



**भिवानी।** कुंगड़िया मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य विनय मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के पावन चरित्र तथा उद्धव प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। डॉ विनय मिश्रा ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता स्वार्थ पर नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और समर्पण पर आधारित होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने निर्धन ब्राह्मण सुदामा का जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ स्वागत किया, वह मानवता, करुणा और प्रेम का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त के प्रेम के भूखे होते हैं, वैभव के नहीं। निष्काम भक्ति करने वाले भक्त की प्रत्येक मनोकामना भगवान स्वयं पूर्ण करते हैं। उद्धव प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि ज्ञान और अहंकार से बढ़कर प्रेममयी भक्ति का महत्व है। वृंदावन की गोपियों ने अपने निष्कलंक प्रेम और पूर्ण समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि भगवान को केवल तर्क और ज्ञान से नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम और भक्ति से प्राप्त किया जा सकता है।

### इस्कॉन की श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**चरखी दादरी।** इस्कॉन चरखी दादरी की ओर से शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ भगवान श्री जगन्नाथ की महाआरती के साथ हुआ। पूरे मार्ग में हरे कृष्ण और जय जगन्नाथ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। काफी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए और हरिनाम संकीर्तन पर भक्ति भाव से नृत्य करते हुए भगवान का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर पुण्य अर्जित किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सैंकड़ों लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। आयोजन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भगवान के नाम और भक्ति से जोड़ना रहा। रथ यात्रा के समापन पर भगवान श्री जगन्नाथ का महाप्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह, अनुशासन और भक्ति भाव देखने योग्य रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाने का ऐलान

**बाढड़ा।** देशभर के किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर संयुक्त किसान मोर्चा की दिल्ली में आयोजित अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में बाढडा से भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हड़ौदी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष जोरावर उमरवास व जिला महासचिव राजेश भांडवा आदि किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

बैठक के बाद किसान नेता राजकुमार हड़ौदी ने बताया कि किसानों के लिए बिजली के लैट रेट को समाप्त करने की आशंकाओं, स्मार्ट मीटर लगाने की नीति, बिजली क्षेत्र के निजीकरण तथा अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।

## विपक्ष के पास केवल बातें, भाजपा ने काम करके दिखाया : जय सिंह

- 15 अगस्त से भिवानीवासियों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी आधुनिक चिकित्सा सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



जय सिंह वाल्मीकि।

सरकार ने पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज और चौधरी बंसी लाल नागरिक अस्पताल भिवानी को आपस में अटैच कर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं। पिछले करीब एक साल से दोनों प्रशासनों के बीच तालमेल की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज की अत्याधुनिक ओटी और आईसीयू जैसी सुविधाएं जनता के काम नहीं आ पा रही थीं। अब सरकार ने मेडिकल कॉलेज निदेशक और सिविल सर्जन भिवानी को हर हाल में 15 अगस्त से पहले सभी सुविधाएं जनता के लिए शुरू करने के आदेश दिए हैं। इस बारे में भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी एवं महिला बाल विकास विभाग व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के त्वरित हस्तक्षेप से भिवानी की जनता को बहुत बड़ी राहत मिलने जा रही है। विपक्षी बातें बनाने में लगे थे, लेकिन भाजपा सरकार काम करने में विश्वास रखती है। सिविल सर्जन को अतिरिक्त प्रभार मिलने और दोनों अस्पतालों के एक साथ मिलकर चलने से 15 अगस्त के बाद भिवानी के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह भिवानी के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जय सिंह वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य के हर नागरिक को बेहतर से बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दो मंजिल का होगा इमलोटा स्कूल भवन, मिलेगा बहु उद्देशीय हाल

**स्कूल परिसर में मल्टी पर्पज हॉल का निर्माण भी किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिले के गांव इमलोटा में बन रहे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन को दो मंजिल का बनाने के लिए प्रशासन की ओर से मामला मुख्यालय को भेजा जा चुका है। जल्द ही भवन की दूसरी मंजिल का काम शुरू हो जाएगा। साथ ही स्कूल परिसर में मल्टी पर्पज हॉल का भी निर्माण होगा। उपायुक्त मनदीप कौर ने इमलोटा गांव में स्कूल भवन का जायजा लेने के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों से गांव की समस्याओं के बारे में भी विचार विमर्श किया और कहा कि गांव जो परेशानियां या समस्या हैं या फिर कोई मांग है, तो लिखकर दें ताकि उन पर उचित कार्यवाही हो सके। गांव के लोगों ने उपायुक्त को बताया कि निर्माणाधीन स्कूल भवन दो मंजिल का बनना था लेकिन केवल एक मंजिल बनाकर ही इसका काम रोक दिया गया। इस पर उपायुक्त ने उन्हें बताया कि शिक्षा विभाग के माध्यम से यह मामला मुख्यालय भिजवाया जा चुका है और जल्द ही दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। यही नहीं परिसर में मल्टी पर्पज हॉल भी बनाया जाएगा। उपायुक्त ने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि स्कूल परिसर में काफी जमीन है। ऐसे में यहां पर पुस्तकालय और ओपन जिम बनाया जा सकता है।



चरखी दादरी। गांव इमलोटा में पौधरोपण करते हुए उपायुक्त मनदीप कौर।

### पौधरोपण के बाद पेड़ को संभालना जरूरी

उपायुक्त ने गांव में व्यायामशाला के पास पीपल और बरगद के पेड़ लगाए। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधा लगाने से ज्यादा जरूर उसका संरक्षण है। केवल पौधा लगाकर उसे मरने के लिए मत छोड़ें। उसकी देखभाल भी करें। पौधारोपण में युवाओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों को स्वयं आगे आकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दिनेश डोहकी व उनकी टीम का धन्यवाद किया।

## न्यूज डायरी



### पौधे हमारा जीवन हैं, प्रकृति का संरक्षण ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा : बिजेश जावला

**भिवानी।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा महम रोड स्थित जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में समिति के सचिव एवं पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला ने पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया और उपस्थित लोगों से पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जेई बिजेश जावला ने कहा कि पौधे हमारा जीवन हैं। जिस प्रकार मनुष्य को जीवित रहने के लिए शुद्ध वायु, जल और भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार इन सबका आधार पेड़-पौधे ही हैं। यदि पेड़ रहेंगे तो जीवन रहेगा, यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तो मानवता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।



### तहसील परिसर में किया पौधरोपण

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज हरियाणा जागृति मोर्चा द्वारा बवानी खेड़ा तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील कानूनगो शैलेश गौड़, एडवोकेट रामकिशन काजल, एडवोकेट राजेश सिंधू, पूर्व पार्षद डॉ. हरदेव सिंह, पूर्व पार्षद मीना चोपड़ा एडवोकेट, अर्जी नवीस संजय डूमड़ा, मिस्त्री अनूप सुई सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है। इससे निपटने का सबसे सरल उपाय पौधारोपण ही है।



### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर किया पौधरोपण

**चरखी दादरी।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर गांव नौरंगाबास जाटान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी बलबीर सिंह मलिक ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। बलबीर सिंह मलिक ने कहा कि वर्तमान में वर्षा ॠतु पौधारोपण के लिए सबसे अनुकूल समय है। प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण सबसे महत्वपूर्ण आधार है।



### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में रोपे पौधे

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां स्थित महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राजपाल राठी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 एवं 2 के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू सांगवान एवं डॉ. शर्मिला के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनूप सिंह, अरुण सांगवान, तेजेंद्र आर्या, उदयभान सांगवान तथा महाविद्यालय के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



### आईपीएस स्कूल में लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल, बिरही कलां में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और प्रबंधन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन तथा अन्य विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन शर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। स्वच्छ हवा, शुद्ध पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए।

### एक पेड़ महापुरुष के नाम अभियान की शुरुआत



**भिवानी।** संसार के प्रथम राजा, सृष्टि के शिल्पी महापुरुष भगवान श्री दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती के अवसर पर भिवानी में एक अनुकरणीय और सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणाा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सह सचिव सुरेन्द्र प्रजापति ने इस पावन अवसर को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण का जरिया बनाते हुए स्थानीय चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान के पश्चात सुरेन्द्र प्रजापति ने नागरिक अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्र में एक पेड़ महापुरुष के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा और विचारों के प्रसार का संदेश देने के लिए डायरी और पेन भेंट कर शुभचिंतकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र प्रजापति ने विशेष रूप से युवाओं से संवाद साधते हुए उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और अपने माता-पिता व गुरुओं का आदर-सत्कार करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### चरखी दादरी के डॉ. ललित महाजन बने कोषाध्यक्ष

**चरखी दादरी।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश में संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए चरखी दादरी के डॉ. ललित महाजन को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा हिसार स्थित पैलेडियम स्कूल में आयोजित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने की। राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग तथा हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीनिवास गोयल भी बैठक में मौजूद रहे।

### राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा भिवानी की अहम बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक समारोह मनाया जाएगा। यह जानकारी सभा के महासचिव पूर्व तहसीलदार कंवर सिंह ने दी। कंवर सिंह ने बताया कि समारोह में 10वीं , 12वीं के 85 प्रतिशत एवं स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले राजपूत छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### दिनभर उमस भरी गर्मी ने सताया

**लोहारू।** मंगलवार को सुबह से ही लोहारू शहर और आसपास के इलाके में उमस भरी गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया। सुबह से आसमान में घटाटोप छायी रही और हवा की गति भी काफी धीमी रही। उमस भरी गर्मी के चलते दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### डोहका हरिया में शिविर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुष ग्राम डोहका हरिया में आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क औषधियां वितरित की ।

### सरकारी कॉलेज की मांग को लेकर किला मैदान में चल रहा आंदोलन


# शिक्षा बचाओ आंदोलन को मिला समर्थन चरखी दादरी शहर में निकला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

**जिले के 10 गांवों के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को दिया समर्थन**

सरकारी कॉलेज की मांग को लेकर किला मैदान में जारी शिक्षा बचाओ आंदोलन लगातार व्यापक जनसमर्थन हासिल कर रहा है। आंदोलन अब छात्रों तक सीमित न रहकर जिले के विभिन्न गांवों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की साझा आवाज बनता दिखाई दे रहा है।

सोमवार को जिले के 10 गांवों के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया और सरकारी कॉलेज की मांग को जिले के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। धरना स्थल पर कलियाणा, डाढ़ी बाना, मंदोली, अख्तियारपुर, खेड़ी बूरा, चरखी, मंदोला, मानकावास, पैंतावास खुर्द और पैंतावास कलां गांवों के प्रतिनिधि पहुंचे। इस दौरान संदीप कलियाणा, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सिंह, सचिन मंदोली, राज सिंह अख्तियारपुर, धर्मपाल सिंह खेड़ी बूरा, जयकिशन चरखी, नरेंद्र सिंह मंदोला, मुकेश मानकावास, राजेश कुमार पैंतावास खुर्द तथा रामधारी सोनी पैंतावास कलां मौजूद रहे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य धनराज कुंडू, हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान नितिन जांघू, राहुल मराठा, नगर पार्षद सुधीर स्वामी और जयभगवान मस्ताना ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। समर्थन देने पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कॉलेज की मांग किसी एक संगठन या वर्ग की नहीं, पूरे चरखी दादरी जिले के विद्यार्थियों और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी आवश्यकता है। उनका कहना था कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होती है और यदि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़े तो चिंताजनक स्थिति है।



चरखी दादरी। आयोजित धरने पर उपस्थित लोग। *फोटो: हरिभूमि*

#### आंदोलन को मजबूत बनाने की अपील

मंगलवार को पैदल मार्च एवं धरने में दलबीर गांधी, रविंदर सांगवान चरखी, धनराज कुंडू, राहुल मराठा, नितिन जांघू (हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान), एडवोकेट राहुल फोगाट, एडवोकेट कबूल राणा, कर्मबीर चहल (नीमड़ी), वीरेंद्र तिवाला, नरेंद्र झिंझर, आत्मानंद आर्य, कैलाश पालड़ी तथा सहरावत खाप के राष्ट्रीय संयोजक संदीप सहरावत सहित अनेक छात्र, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षा प्रेमी उपस्थित रहे। आंदोलन से जुड़े लोगों ने जिले के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से इस जनहित के संघर्ष में बढ़-चढ़कर भाग लेने और आंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की।



चरखी दादरी। शहर में पैदल मार्च निकालते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

#### पालम खाप 360 दिल्ली के प्रधान रामकुमार सोलंकी ने दिया समर्थन

*शिक्षा बचाओ आंदोलन के तहत मंगलवार को दादरी शहर में लगातार दूसरे दिन पैदल मार्च निकाला गया। आंदोलन से जुड़े छात्र, युवा, अभिभावक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों से शिक्षा के मुद्दे पर एकजुट होने की अपील की तथा आंदोलन की मांगों से आमजन को अवगत कराया। धरना स्थल पर मंगलवार को पालम खाप 360 दिल्ली के प्रधान रामकुमार सोलंकी विशेष रूप से पहुंचे और आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुद्दा किसी एक जिले या राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य का प्रश्न है। युवाओं को बेहतर शिक्षा और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों और खाप पंचायतों से इस जनआंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया।*

## मांग पूरी नहीं की तो विवि को ताला जड़ने पर होंगे मजबूर: भीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**सरकार व सीबीएलयू प्रशासन की नींद खोलने के लिए होगा हल्ला बोल प्रदर्शन : कैप्टन भीम सिंह**

गांव प्रेमनगर स्थित चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के समक्ष जारी प्रेमनगर के ग्रामीणों का धरना लगातार जारी है। मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने को जाटू खाप 84 ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। खाप पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सीबीएलयू प्रशासन ने गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों की सभी मांगें, जो कि जायज है, उन्हे पूरा नहीं किया गया तो जाटु खाप-84 ग्रामीणों संग मिलकर सीबीएलयू को ताला जड़ने का काम करेगी। धरनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों को जाटू खाप 84 के प्रधान कैप्टन भीम सिंह ने कहा कि केवल शांतिपूर्ण या अकेले-अकेले धरने पर बैठने से अधिकार नहीं मिलेंगे। इस अवसर पर जाटू खाप 84 के प्रधान कैप्टन भीम सिंह, धरना समिति के प्रधान कैप्टन कलम सिंह आदि मौजूद रहे।



धरने को संबोधित करते वक्ता।

## 11 से 13 तक रहेगी पूर्ण हड़ताल

- बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों का संयुक्त मोर्चे के आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के संयुक्त मोर्चे द्वारा हरियाणा में आंदोलन का आगाज़ कर दिया गया है। आंदोलन के तहत 29 जुलाई को सर्किल कार्यालय, भिवानी में धरना-प्रदर्शन एवं गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद 11, 12 एवं 13 अगस्त को प्रदेशभर के बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के सभी संगठन पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे। आगामी आंदोलन को सफल बनाने तथा सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से 28 जुलाई को सर्किल कार्यालय, भिवानी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी कर्मचारी एवं इंजीनियर संगठनों ने 29 जुलाई की गेट मीटिंग ओर मार्च पास्ट व डीसी को ज्ञापन तथा 11, 12 और 13 अगस्त की प्रदेशव्यापी पूर्ण हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया।



भिवानी। आयोजित बैठक में आंदोलन का ऐलान करता संयुक्त मोर्चा।

#### बैठ में ये रहे मौजूद

बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन के जोनल नेता इंजीनियर संजय रांगा, एचपीसी, एससी, एसटी, बी.सी राज्य ऑडिटर प्रदीप रांगा, एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सर्किल सचिव मनोज कुमार तथा आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सर्किल सचिव अशोक गोयत ने की।

### पूर्व मंत्री ने बीमा क्लेम को लेकर सीएम को लिखी चिट्ठी

**बहल।** प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री व लोहारू के पूर्व विधायक जेपी दलाल ने भिवानी एवं चरखी दादरी जिलों के किसानों के खरीफ एवं रबी-2023 फसल बीमा क्लेम के भुगतान के संबंध में सीएम को पत्र लिखा है। उन्होंने बीमा क्लेम भुगतान के विषय में कथित अनियमितताओं को लेकर सीएम से क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने, मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर किसानों को लंबित समय के ब्याज सहित अविलंब मुवावजा दिलवाने की मांग की है। जेपी दलाल इससे पहले सिवानी में भारतीय खादी बोर्ड के कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष यह मांग उठा चुके है। सीएम को लिखे पत्र में जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2023 में कपास फसल के नुकसान का आकलन क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर किया गया था और जिला स्तरीय समिति द्वारा बीमा क्लेम भी स्वीकृत कर दिया गया था। उनका कहना है कि बाद में क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कथित रूप से टेक्नोलॉजी आधारित यील्ड असेसमेंट लागू कर बीमा क्लेम में भारी कटौती कर दी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## मिष्ठान भंडार से 4 बच्चों का किया रेस्क्यू

- बच्चों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण देना सीडब्ल्यूसी की प्राथमिकता : अधिवक्ता प्रदीप सिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बाल कल्याण समिति भिवानी और पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने स्थानीय हांसी गेट स्थित मिष्ठान भंडार पर छापेमारी कर वहां काम कर रहे 4 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई के बाद रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करते हुए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उनकी काउंसलिंग की जा रही है ताकि उन्हें पुनः शिक्षा और उनके अधिकारों से जोड़ा जा सके।



भिवानी। मिष्ठान भंडार से रेस्क्यू किए गए बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

#### बच्चे हमारे देश का भविष्य : धीरज सैनी

जिला बाल कल्याण समिति भिवानी के सदस्य अधिवक्ता धीरज सैनी ने बताया कि बाल श्रम और बच्चों के शोषण पर अंकुश लगाने के लिए बनाई गई विशेष टीम में बाल कल्याण समिति और क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाई। इनमें सीडब्ल्यूसी सदस्य अधिवक्ता धीरज सैनी, दिनेश अत्री, नीलम रानी व क्राइम ब्रांच से एएसआई विनोद कुमार, एचसी संदीप भी मौजूद रहे। सीडब्ल्यूसी भिवानी के चेयरमैन अधिवक्ता प्रदीप सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनके हाथों में कलम व किताबें होनी चाहिए, न कि बाल श्रम का बोझ।

### सावधानी के साथ दिए जाएं एसआईआर के तहत नोटिस: एसडीएम

**भिवानी।** एडीसी एवं बवानीखेड़ा विस क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी दीपक बाबू लाल करवा के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत नोटिस वितरण एवं ऑनलाइन प्रक्रिया संबंधी कार्यशाला आयोजित हुई। एसडीएम महेश कुमार ने निर्देश दिए कि एसआईआर के तहत नोटिस जारी करने में पूरी सावधानी बरती जाए। सुनवाई से पहले कम से कम सात दिन का समय दिया जाए। सुनवाई के दौरान जो दस्तावेज मतदाताओं द्वारा दिए जाएंगे, उनकी गहनता से जांच की जाए। 31 जुलाई को मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा।

### 1947 से पहले की बताई जा रही इमारत, जर्जर हालत से हादसे की आशंका

# बवानीखेड़ा में खंडहर मस्जिद बनी खतरे का सबब,हटाने की मांग

- मौत के साए में जीवन जीने को मजबूर रिहायशी बस्ती के लोग

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में बाबा कमाल मंदिर एवं छोटे गुरुद्वारे के समीप स्थित एक पुरानी और जर्जर मस्जिद क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। लोगों का कहना है कि यह मस्जिद वर्ष 1947 से पहले बनाई गई है, जो लंबे समय से खाली पड़ी हुई है और अब खंडहर का रूप ले चुकी है। इसकी दीवारों और गुंबदों से रोजाना ईंटें और मलबा नीचे गिर रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बुजुर्गों की मानें तो उनकी आंखों के सामने चैथी पीढ़ी ये दृश्य देख रही है और वे अपने माता-पिता, दादा-दादी के मुंह से भी इसके चर्चे सुनते आए हैं। दशकों से स्थापित इमारत अपना अस्तित्व खोती जा रही है।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में बाबा कमाल मंदिर एवं छोटे गुरुद्वारे के समीप स्थित जर्जर मस्जिद, जिसकी दीवारों और गुंबदों से लगातार मलबा गिरने की शिकायत है।

#### जिला अधिकारी सहित सीएम के समक्ष रखेंगे पक्ष

नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे इस स्थिति से पूरी तरह से अवगत हैं उनका जीवन यहीं बीता है। इसमें से कई बार कीट-पतंगों की शिकायत प्राप्त हो चुकी है। वे इस बारे में जिला प्रशासन के समक्ष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष इस समस्या के निदान के लिए पक्ष रखेंगे ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

## न्यूज डायरी

### शिविर में सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा

**भिवानी।** पंचायत भवन में सफाई कर्मचारियों के लिए मंगलवार से तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ईश्वर सिंह ने स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आयोग का गठन सफाई कर्मियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए किया गया है। कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और समय पर वेतन सुनिश्चित करना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### गायों-नंदियों को गोशालाओं में आसरा दिलाएं

**भिवानी।** बेहसहारा गायों और नंदियों को गोशाला और नंदीशाला में आसरा दिलाने तथा आवारा कुत्तों की नसबंदी कार्य की समीक्षा को लेकर नप में एजेंसी प्रतिनिधियों और नप अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में डीएमसी हरबीर सिंह ने निर्देश दिए कि बेसहारा पशुओं को पकड़ने में तेजी लाई जाए ताकि हादसे ना हों। गायों और नंदियों को गोशालाओं व नंदीशाला में आसरा दिलाया जाए। शहर में कहीं भी बेसहारा पशुओं का झुंड आदि दिखाई दे तो नागरिक एंजेसी प्रतिनिधि रामनिवास के मोबाइल नंबर 9812751905 पर संपर्क कर सूचना दें। इस दौरान लोहारू, बवानीखेड़ा, सिवानी नगर पालिका के अधिकारी भी मौजूद रहे। डीएमसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सडकों पर घूम रहे बेसहारा गायों एवं नंदियों को उनकी सुरक्षा तथा आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गो शालाओं एवं नंदीशाला में रखा जाएगा।

### नवनियुक्त प्राचार्य का विद्यालय में किया स्वागत

**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में मंगलवार को नवनियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार का विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने फूल मालाएं व बुकके भेंट कर स्वागत किया। कार्यालय में पहुंचने पर शिक्षकों ने प्राचार्य दिनेश कुमार को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने उन्हें गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह के रूप में बुकके भेंट की। इस अवसर पर नवनियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यालय की गरिमा और गौरव को आगे बढ़ाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के सामूहिक सहयोग से हम विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### पवन गोयल 'नवरत्न अवार्ड 2026' से सम्मानित

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) द्वारा रविवार, 26 जुलाई 2026 को होटल क्राउन प्लाजा, रोहिणी, दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में लिटिल हार्ट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन गोयल को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'नवरत्न अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन त्रिलोक चंद गोयल ने कहा कि हमारे विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन गोयल को मिले इस सम्मान से सम्पूर्ण लिटिल हार्ट्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स परिवार में खुशी की लहर है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का है जिन्होंने वर्षों की निष्ठा और परिश्रम से इस संस्था को खड़ा किया है।

### बंदरगाहों की सूची में कराईकल भी शामिल

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ई-वीजा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के तहत ई-वीजा धारकों के प्रवेश के लिए कराईकल बंदरगाह को अधिकृत इमिग्रेशन पोस्ट के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही हल्दिया बंदरगाह को भी ई-वीजा धारकों के प्रवेश के लिए निर्धारित समुद्री बंदरगाहों की सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि समुद्री बंदरगाहों की सूची में कराईकल को शामिल किया गया है तथा हल्दिया को भी निर्धारित बंदरगाह के रूप में नामित किया गया है। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

### ओपन शूटिंग में मनीषा ने जीता स्वर्ण पदक

**चरखी दादरी।** देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में शौर्य शूटिंग अकादमी की निशानेबाज मनीषा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से अकादमी के साथ-साथ चरखी दादरी और हरियाणा का गौरव बढ़ा है। अकादमी के निदेशक सतपाल धायल और सुधीर धायल ने मनीषा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। कोच सोनिया ने कहा कि मनीषा ने धैर्य, लगन और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

### विद्यार्थियों को डायल-112 की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** एंटी नार्कोटिक्स सेल, दुर्गा शक्ति टीम और नशामुक्ति टीम ने स्थानीय केएन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव, नशे के दुष्प्रभाव तथा डायल-112 आपातकालीन सेवा के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। एंटी नार्कोटिक्स सेल इंचार्ज एसआई नरेन्द्र, एएसआई राहुल फौगाट सहित पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, सीवीवी और अन्य निजी जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

### शिशु स्वास्थ्य तथा संतुलित आहार पर की चर्चा

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी की ओर से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन के उद्देश्य से मंगलवार को बाल विधिक सेवा इकाई (एलएसयूसी) एवं विशेष अभियान स्वस्थ बच्चा, सशक्त राष्ट्र कुपोषण उन्मूलन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव काजला ने किया। काजला ने कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक और संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पोषण, कुपोषण की पहचान एवं रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा संतुलित आहार से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### हॉप्स फुटबॉल अकादमी फाइनल में पहुंची

**बवानीखेड़ा।** हॉप्स फुटबॉल अकादमी और नीता ने सोमवार, 27 जुलाई को नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन फुटबॉल अकादमी मैदान में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर उद्घाटन अंडर-17 महिला युवा लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली की हॉप्स फुटबॉल अकादमी ने गढ़वाल यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को 2-0 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। हॉप्स फुटबॉल अकादमी की महिला टीम न केवल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राजधानी दिल्ली का गौरव बढ़ा रही है, बल्कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर दिल्ली की अग्रणी महिला फुटबॉल टीम के रूप में भी पहचान बना चुकी है। फाइनल मुकाबला बुधवार, 29 जुलाई को दोपहर 3 बजे खेला जाएगा।

### विवाहिता लापता, गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव से विवाहिता के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के पति की शिकायत पर लोहारू थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता के प्रति ने बताया कि उसका विवाह विवाह आठ वर्ष पहले हुआ था और उसकी 8 वर्ष की बेटी भी है। उसकी पत्नी आंगनबाड़ी केंद्र में किसी कार्य के लिए गई थी लेकिन उसके बाद वह वापस घर नही लौटी। उसकी आसपास में पूछताछ भी की गई। लेकिन उसकी कोई जानकारी नही मिली। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA**
**HANSI GATE, BHIWANI-127021 (HARYANA)**
**TENDER NOTICE** Website: dev.ammb.ac.in
Tenders are invited from the experienced and eligible prospective bidders for Providing and Laying Fire Safety Panel and Accessories at Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani (Haryana).
The bidding documents and detailed information can be downloaded from the website of the Institute. The last date and time for receipt of tender is on or before 12.08.2026 at 3pm .
The Institute reserves all the rights to reject any or all the tenders without assigning any reason.
Date: 29.07.2026
Place: Bhiwani
Principal
Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani